Total No. of Printed Pages—7

X/19/Hin (N)

2 0 1 9

HINDI

(INDIAN LANGUAGE)

(New Course)

(FOR REGULAR CANDIDATES ONLY)

Full Marks : 80
Pass Marks : 24

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

General Instructions :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question are indicated against each.

(iii) Very short answer-type questions weightage of one (1) mark each requires answer in one word, one proverb or one sentence.

(iv) Short answer-type questions weightage of two (2) marks each requires answer under *50* words.

(v) Long answer-type—1 questions weightage of five (5) marks and six (6) marks each requires answer under *100* words.

(vi) Long answer-type—2 questions weightage of seven (7) and eight (8) marks each requires answer under *150* words.

खण्ड—क

(गद्य-भाग)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर दीजिए : 1×4=4

(क) बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर क्या आता था?

(i) प्यार

(ii) आनंद

(iii) नफ़रत

(iv) खुशी

(ख) 'तिरुक्कुरल' में कुरलों की कुल संख्या कितनी थी?

(i) 1315

(ii) 1320

(iii) 1325

(iv) 1330

(ग) नीलकंठ की छाया के समान रहने के कारण मोरनी का क्या नाम रखा गया?

(i) राधा

(ii) कुब्जा

(iii) चित्रा

(iv) सीता

(घ) गाछ-बिरछ किसके द्वारा भोजन ग्रहण करते हैं?

(i) धूप

(ii) चाँदनी

(iii) वायु

(iv) पानी

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (*50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) मरने के वक्त युवा बकरी को किस बात का अफ़सोस था?

(ख) लेखक के पिता ने लेखक की पिटाई क्यों की?

(ग) कुब्जा अपने नाम के अनुरूप किस प्रकार सिद्ध हुई?

(घ) सुलतान को पाने के लिए खड्गसिंह ने क्या छल किया?

(ङ) प्रकाश किस प्रकार पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के जीवन का मूल-मंत्र है?

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (*100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''भोग्य सदैव से भोगने के लिए ही उत्पन्न होते रहे हैं।''

(ख) ''लोगों को यदि इस घटना का पता लग गया तो वे किसी दीन-दुखी पर विश्वास न करेंगे।''

4. 'हार की जीत' शीर्षक कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (*100* शब्दों में) लिखिए। 6

अथवा

तिरुवल्लुवर की जीवनी सहित उनकी चारित्रिक विशेषता पर (*100* शब्दों में) प्रकाश डालिए।

खण्ड—ख

(पद्य-भाग)

5. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×4=4

(गीता, वेद-उपनिषद्, रामायण, देव-शीश)

(क) यह माटी, जो ______ की सीता,

(ख) यह माटी, जो महाभारत की ______।

(ग) यह माटी, जो ______ गाती,

(घ) यह माटी, जो ______ चढ़ जाती।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (*50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) भारतीय मिट्टी को महान् क्यों कहा गया है?

(ख) एक विश्व के नारे की कल्पना किस प्रकार साकार हो सकती है?

(ग) कवि के अनुसार भाग्य की चर्चा कैसे लोग अधिक किया करते हैं?

(घ) किन कारणों से सतपुड़ा के जंगल देखकर कँपकँपी छूट जाती है?

(ङ) माँ यशोदा क्या कहकर कृष्ण को आश्वस्त करती हैं?

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (*100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''कहा करौं इहि रिस के मारे, खेलन हौ नहिं जात।
पुनि-पुनि कहत कौन है माता, को है तेरौ तात॥
गोरे नंद, जसोदा गोरी, तू कत स्याम सरीर।
चुटकी दै दै हँसत ग्वाल सब, सिखै देत बलबीर॥''

(ख) ''ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है,
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है।''

8. 'इस माटी को नमन करें हम' **अथवा** 'विश्व-नागरिक बनें' शीर्षक कविता का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (*100* शब्दों में) लिखिए। 5

खण्ड—ग

(संचयन)

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×4=8

(क) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(ख) हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे? उन्होंने उनके साथ कैसा बर्ताव किया?

(ग) पीटी साहब की 'शाबाश' फ़ौज के तमगों-सी क्यों लगती थी? स्पष्ट कीजिए।

(घ) दस अक्तूबर सन् पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्त्व रखता है?

(ङ) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

10. राही मासूम रज़ा जी की जीवनी एवं उनकी कृतियों के बारे में (*150* शब्दों) में लिखिए। 7

अथवा

'हरिहर काका' कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *150* शब्दों) में लिखिए।

खण्ड—घ

(व्याकरण एवं रचना)

11. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : 1×4=4

(i) नमस्ते

(ii) मनोरथ

(iii) यशोदा

(iv) मनोबल

(v) निराकार

(vi) दुराग्रह

(ख) निम्नलिखित समस्त पदों में से किन्हीं **चार** के विग्रह कीजिए : 1×4=4

(i) भीमार्जुन

(ii) रोटी-कपड़ा

(iii) जन्म-मृत्यु

(iv) पीताम्बर

(v) दशानन

(vi) सुग्रीव

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×4=4

(i) अमृत

(ii) कमल

(iii) घड़ा

(iv) तलवार

(v) पानी

(vi) रात

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** मुहावरों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×4=4

(i) अपने पैरों पर खड़ा होना

(ii) आँख चुराना

(iii) कलेजे का टुकड़ा

(iv) ईद का चाँद

(v) घी के दिए जलाना

(vi) थाली का बैंगन

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) परोपकार

(ख) विद्यार्थी और राजनीति

(ग) नारी-शिक्षा

(घ) मद्यपान द्वारा विनाश

★★★